मुरार नगरी में दिखा सिद्धक्षेत्र जैसा पावन स्वरूप

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 23 नवम्बर. उपनगर मुरार की जैन धर्मशाला में विगत एक सप्ताह से चल रहे श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान में आज मन मोहित करने वाले और प्रभु के प्रति श्रद्धाभाव जगाने वाले भव्य, पवित्र और आध्यात्मिक आयोजन हुए। जिस समय सिद्ध परमेष्ठी और नवपद की आराधना की गई तो यह दृश्य भक्ति, अनुशासन और दिव्यता से भरा हुआ था। विधान मंडप में सुंदर रंगोली और पुष्पों से सजा सिद्धचक्र मंडल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पांडु शिला पर विराजे श्रीजी न सिर्फ कार्यक्रम स्थल बल्कि उपनगर मुरार के पूरे वातावरण को पावन बना रहे हैं। मुरार नगर में इन दिनों किसी पवित्र सिद्धक्षेत्र जैसे अविस्मरणीय दृश्य देखने को मिल रहे हैं।



आज भोर से सांझ तक चले आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया कि त्रिलोक तीर्थ (उप्र) से आए विद्वान विधानाचार्य नवीन भैया के मार्गदर्शन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना और अभिषेक कर भक्ति भाव से पाँच सौ बारह गुण विभुषित सप्तम महाअर्चना के 512 अर्घ चढ़ाकर सिद्धों की आराधना की। इस दौरान भोपाल से आए कलाकार कुलदीप जैन द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों और वाद्य यंत्रों की ध्वनि पर श्रद्धालु महिला पुरुष खूब झूमे।

प्रातःकालीन सत्र में अतिथिगण के रूप में ग्वालियर पूर्व के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं अ. भा. जैसवाल जैन धर्मशाला सोनागिर के कार्यवाहक अध्यक्ष पदम जैन ने पूजा अर्चना की एवं सिद्ध भगवानों का आशीर्वाद लिया। मंगलवार, 24 नवंबर को प्रातः 6.30 बजे से श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान के पूजन, अभिषेक, अनुष्ठान प्रारंभ होंगे। प्रातः 11.30 बजे से विश्वशांति महायज्ञ आयोजित होगा, इसके उपरांत दोपहर 12 बजे रथयात्रा निकलेगी.

नवभारत से रुबरु हुए समाजबंधु



जैन धर्म में लोगों को धर्म से जोड़ने, भाव विशुद्धि बढ़ाने और आत्मिक उन्नति के लिए सिद्धचक्र महामण्डल विधान एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली अनुष्ठान माना जाता है, जिसे हम नवपद विधान भी कहते हैं। जहाँ भी यह आयोजन होता है, मैं भाग लेता हूं।

तन्मय जैन एडवोकेट



धर्म से जोड़ने में सिद्धचक्र विधान की खास भूमिका है। यह अहंकार का क्षय करता है। मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि मंत्रों और अर्घ्यों के माध्यम से आराधना करने पर मन में नम्रता और शुद्धि आती है, जिससे अहंकार कम होता है।

देवेन्द्र जैन, मंत्री, मुरार मंदिर कमेटी



यह अनुष्ठान केवल बाहरी कर्मकांड नहीं, बल्कि सम्यक दर्शन, आत्मशुद्धि और कर्मों की निर्जरा की दिशा में प्रेरित करता है। इस विधान में भाग लेने से समाज और परिवार में धर्म के प्रति रुचि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना है। धार्मिक परंपरा में इस विधान के महत्व के बारे में मुझे विभिन्न ग्रंथों से पता चला।

शशि जैन (मैनासुंदरी)



ग्वालियर जैन धर्म का एक प्राचीन और प्रमुख केंद्र है। ग्वालियर किले की चट्टानों को काटकर बनाई गई जैन प्रतिमाएं गोपाचल पर्वत पर स्थित हैं जो विश्व प्रसिद्ध हैं। ग्वालियर, लश्कर और मुरार क्षेत्र में कई जैन मंदिर, चैत्यालय और धर्मशालाएं मौजूद हैं, नगर की उन्नति में सामाजिक व युवा मंडल सक्रिय रहते हैं।

सुभाष जैन नेताजी

संविधान रक्षा मार्च की तैयारी में जुटी कांग्रेस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 23 नवम्बर. कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक एवं मंडलम कांग्रेस

भागीदारी सुनिश्चित करने ब्लॉक एवं मंडलम अध्यक्षगणों की बैठक आयोजित

कमेटियों के अध्यक्षगणों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 26 नवंबर गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस के वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के अंतर्गत जबलपुर के शहीद स्मारक, गोल बाजार में प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाले विशाल संविधान रक्षा मार्च में ग्वालियर से सैकड़ों कांग्रेसजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा कर रणनीति बनाई गई।

बैठक में निर्देशित किया गया कि ब्लॉक एवं मंडलम स्तर पर लगातार बैठकें आयोजित कर कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क स्थापित किया जाएगा तथा अधिक से अधिक कांग्रेसजनों की सहभागिता सुनिश्चित कर ग्वालियर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जबलपुर कूच करेंगे।



बैठक में संगठन महामंत्री इब्राहिम पठान, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, राजेश तौमर, मनीष शर्मा, श्रीमती रेखा, महेश धनोलिया, धर्मवीर राठौर, अनूप शिवहरे, राकेश कुशवाह, मुनेन्द्र सिंह भदौरिया आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक पोलिंग बूथ पर एक वोट रक्षकश् नियुक्त कर एसआईआर की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखेंगे, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ कांग्रेस सड़क से लेकर बूथ तक संघर्ष करेगी।सभी ब्लॉक एवं मंडलम अध्यक्ष 26 नवंबर को जबलपुर में आयोजित संविधान रक्षा मार्च को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं और ग्वालियर की भागीदारी बनाएं।

15 करोड़ की मुख्य सड़क का किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 23 नवम्बर. उपनगर ग्वालियर के चहुंमुखी विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से आज क्षेत्र को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में 15 करोड़ रुपये की लागत से बहोड़ापुर चौराहे से सागरताल होते हुए दुर्गादास राठौर प्रतिमा तक बनने वाली प्रमुख सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, पार्षद दीपक मांझी, पूर्व पार्षद केशव मांझी, जगत सिंह कौरव, महेश भदौरिया, शैलेन्द्र सिकरवार, श्री हेतराम बाथम, धीरू यादव सहित जिला प्रषासन, नगर निगम, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। अब ग्वालियर में बडे बडे उद्योग लगने जा रहे हैं। विगत दिवस भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा टीएमजेड के निवेशकों को आवंटन पत्र वितरित किए। ग्वालियर के साडा क्षेत्र में टेलीकॉम मैन्यूफैक्चरिंग जॉन करोडों की लागत से बनाया जा रहा हैं.



क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर में शिक्षा, विद्युत, सड़क और सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम मात्र भूमिपूजन नहीं है, बल्कि क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय है, जिससे आवागमन सुगम होगा और स्थानीय व्यापार व जनजीवन को नई गति मिलेगी। इन विकास कार्यों के शुरू होने से सड़कों और सामुदायिक भवनों के निर्माण से लंबे समय से चली आ रही समस्याएं दूर होंगी और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

हादसे में उजड़ गया पूरा परिवार, एक साथ निकली चार अर्थियां

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 23 नवम्बर. ग्वालियर-झांसी नेशनल हाईवे पर रविवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को हमेशा के लिए छीन लिया। डबरा के कल्याणी के पास तेज

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी थी टक्कर, माता-पिता की मौके पर मौत, दोनों बेटियों ने अस्पताल में तोड़ा दम, नशे में था चालक

रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपती और उनकी दो मासूम बेटियों की मौत हो गई। सोमवार को जब चारों के शव भितरवार पहुंचे तो पूरे कस्बे में मातम छा गया। एक साथ चार अर्थियां उठीं तो हर आंख नम हो गई।

मृतकों की पहचान भितरवार निवासी कमल किशोर विश्वकर्मा (36), उनकी पत्नी सीमा (34), बड़ी बेटी दीक्षा (8) और छोटी बेटी भूमि उर्फ बिट्टी (6) के रूप में हुई है। बताया गया है कि सीमा का ग्वालियर में इलाज चल रहा था। रविवार को कमल किशोर पत्नी और दोनों बेटियों के साथ बाइक से ग्वालियर जा रहे थे। कमल किशोर बाइक चला रहे थे, पीछे सीमा बैठी थीं। सीमा की गोद में छह साल की भूमि थी, जबकि आठ साल की दीक्षा बीच वाली सीट पर बैठी थी।





रविवार शाम करीब छह बजे परिवार डबरा के कल्याणी के पास ग्वालियर-झांसी हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक (आरजे 11 जीसी 3316) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार चारों लोग उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में कमल किशोर और सीमा की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी बेटी दीक्षा ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल छोटी बेटी भूमि को ग्वालियर में भर्ती कराया गया था। वहां सोमवार दोपहर करीब दो बजे उसकी भी मौत हो गई। इस तरह एक ही हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया।



हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया था। जांच के बाद आंतरी पुलिस ने ट्रक चालक बंटी शर्मा निवासी ग्राम लदवाया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक हादसे के समय चालक नशे में था। उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

सोमवार को चारों शव भितरवार पहुंचे तो परिवार और बस्ती में कोहराम मच गया। नाते-रिश्तेदारों और वार्डवासियों की आंखें नम थीं। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

शटर बंद कर कर्मचारी को बंधक बनाकर पीटा

ग्वालियर 23 ग्वालियर फूलबाग स्थित अपोलो अस्पताल के सामने महाकाल इंटरप्राइजेज में काम करने वाले कर्मचारी के साथ दुकान संचालक और उसके पिता ने मारपीट कर दी। आरोप है कि दुकान का शटर बंद कर कर्मचारी को बंधक बनाकर बेल्ट और लात-घूंसों से पीटा गया। मारपीट का वीडियो भी बनाया गया और चोरी का आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।दाऊजी मंदिर के पास रहने वाला अभिषेक शाक्य उक्त दुकान पर एक साल से अधिक समय से काम कर रहा है। अभिषेक ने बताया कि 21 नवंबर की रात करीब 8:30 बजे वह दुकान पर संचालक सतपाल धाकड़ के पिता मनीराम धाकड़ के साथ मौजूद था। मनीराम ने दुकान के हिसाब-किताब के बारे में पूछा। हिसाब देने पर उन्होंने कंपनी में हिसाब जमा नहीं करने और निवेशकों से शिकायत होने की बात कहते हुए विवाद शुरू कर दिया।

उद्योगों की मांग के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित कराएँ : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 23 नवम्बर. जिले की स्थानीय जरूरतों, औद्योगिक इकाइयों की मांग और रोजगार के उपलब्ध अवसरों को ध्यान में रखकर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कराएं, जिससे जिले के युवाओं को आसानी से रोजगार मिल सके। इस आशय के निर्देश

जिला कौशल समिति की मासिक बैठक में दिए निर्देश

कौशल विकास योजनाओं से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने पर भी दिया जोर

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला कौशल विकास समिति की मासिक बैठक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 4.0) की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने



अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र युवाओं को लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने शासकीय संभागीय आईटीआई बिरला नगर में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर भी बल दिया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई इस बैठक में जिले में कौशल विकास और रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा संस्थानों की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही जिला कौशल विकास योजना तैयार करने के लिये कहा गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रबंधन समितियों (आईएमसी) के पुनर्गठन की कार्यवाही भी शासन के दिशा-निर्देशों के तहत की जाए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर सी बी प्रसाद व अनिल बनवारिया सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

लेखा प्रशिक्षण परीक्षा के लिये ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी

ग्वालियर 23 नवम्बर. ग्वालियर-चंबल संभाग में स्थित शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों में पदस्थ ऐसे शासकीय कर्मचारी जिन्होंने लेखा प्रशिक्षण शाला से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उनकी विभागीय लेखा प्रशिक्षण परीक्षा नवम्बर 2026 भोपाल स्थित राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल में रविवार 29 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगी। लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी प्रशिक्षणार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।



एयरपोर्ट पर एंटी हाईजैक मॉक एक्सरसाइज आयोजित

नवभारत न्यूज

दतिया, 23 नवम्बर। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) द्वारा विगत दिनों दतिया एयरपोर्ट पर एंटी हाईजैक मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विमान अपहरण जैसी

आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का किया गया परीक्षण

एयरपोर्ट पर एंटी हाईजैक मॉक एक्सरसाइज आयोजित

आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय, संचार व्यवस्था एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था।

अभ्यास के दौरान काल्पनिक रूप से जयपुर से भोपाल जा रहे यात्री हवाई जहाज के हाईजैक होने की सूचना प्राप्त हुई तथा विमान को दतिया एयरपोर्ट पर



जबरन उतारे जाने की स्थिति बनाई गई। इस संबंध में दिल्ली स्थित डब्लूएसओ से एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर को सुबह 11:25 बजे सूचना प्राप्त हुई। इसके तत्काल बाद पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। एयरपोर्ट की रेस्क्यू एवं फायर फाइटिंग टीम तथा एंबुलेंस को रनवे के निर्धारित स्थान पर तैनात किया गया। सूचना मिलते ही एयरोड्रम कमेटी के सदस्यों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को सूचित कर निर्धारित एएचसीआर कक्ष में एकत्रित किया गया। मॉक एक्सरसाइज में जिला प्रशासन, पुलिस, एयरपोर्ट प्रबंधन, चिकित्सा विभाग, इंटेलिजेंस ब्यूरो एवं एनएसजी के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

अभ्यास में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखड़े ने अध्यक्ष के रूप में सहभागिता की। इसके अलावा एडीएम भूपेंद्र सिंह, एयरपोर्ट डायरेक्टर नितिन कुमार, एटीसी के वरिष्ठ प्रबंधक नितिन कुमार, सीएनएस/सीएसओ प्रभारी विजय शंकर मीना, पुलिस प्रतिनिधि एएसपी मंजीत सिंह, सीएएसओ प्रतिनिधि एसडीओपी नितिन बघेल, जिला अस्पताल से डॉ. हिमांशी, आईबी से कार्तिक सिंह तथा एनएसजी के कैप्टन शौर्य अग्रवाल ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की। इस मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल, प्रभावी संचार व्यवस्था, आपातकालीन प्रतिक्रिया समय, सुरक्षा प्रक्रियाओं तथा संकट की स्थिति में समन्वित कार्रवाई की तैयारियों का आकलन किया गया।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95